दी जाती है । दालों का आयात करने के ठेकों के लिए नेफेड पंजीकरण करने वाला प्राधिकरण है और इसने 1990-91 के दौरान (जून, 1990 तक) 132.27 करोड़ रुपये मूल्य की 2.09 लाख मीटरी टन दालों का आयात करने के लिए ठेकों का पंजीकरण किया है । सरकारी खाते पर दालों का आयात करने का इस समय कोई विचार नहीं है । तथापि, सरकार दालों सहित आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों की नियमित रूप से समीक्षा करती है।

(ग) दालों पर आयात शुल्क 35 प्रतिशत मूल्यानुसार से घटाकर 1-11-1989 से 10 प्रतिशत मूल्यानुसार कर दिया गया था । दालों पर लगाए गए आयात शुल्क में और कमी करने के बारे में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

**अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के लिए नौकरियों में आरक्षण**

3711. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में लगभग चार दशकों से सरकारी और अर्ध-सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था चल रही है,

(ख) यदि हां, तो इस व्यवस्था के अंतर्गत 1989 के अन्त तक कितने प्रतिशत परिवारों को लाभ पहुंचाया गया है तथा सरकार ने कुल कितने प्रतिशत परिवारों को इसका लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, और

(ग) क्या सरकार ने इस प्रयोजन के लिए कोई समयबद्ध योजना बनाई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो ऐसी योजना तैयार न कर पाने के क्या कारण हैं ?

**श्रम एवम् कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान)** : (क) जी, हां ।

(ख) तथा (ग) आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत लाभ प्राप्त अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के परिवारों की संख्या के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है । परिवार आधार पर आरक्षण देने की कोई योजना नहीं है । विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए विभिन्न अर्हताएं अपेक्षित होती हैं और भर्तियां केवल शैक्षिक आदि अर्हताओं और उपयुक्तता के आधार पर ही की जाती है ।

3712. [Transferred to the 4th September 1990.]

**वनस्पति घी का उत्पादन**

3713. **श्री राम जेठमलानी** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वनस्पति घी के उत्पादन में लगातार गिरावट आती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो गत वर्ष इन्हीं महीनों के दौरान वनस्पति घी का औसत उत्पादन कितना-कितना हुआ था;

(ग) क्या यह भी सच है कि उत्पादन में कमी होने तथा कच्चे माल के मूल्यों में वृद्धि होने के कारण वनस्पति घी के मूल्यों में भारी वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो जुलाई, 1990 में खुले बाजार में वनस्पति घी का मूल्य कितना था तथा आगामी त्यौहार के महीनों में मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है ?

**खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम पूजन पटेल)** : (क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वनस्पति के उत्पादन में कुछ गिरावट आई है ।

(ख) पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 82000 मी. टन की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वनस्पति का औसत मासिक उत्पादन 76200 मी. टन है ।